यूपी को देश के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करेंगे : योगी

गोंडा में युवा उद्यमियों को सीएम ने वितरित किए ऋण स्वीकृति पत्र

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। मेडिकल कॉलेज परिसर में बृहस्पतिवार को युवा उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए ऋण वितरित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत तीन लाख से अधिक युवाओं ने ऋण के लिए आवेदन किया है। इनमें से 32,700 युवाओं के ऋण स्वीकृत कर लिए गए हैं।

हर जिले में 25 से 27 मार्च तक मेला लगाकर ऋण वितरित किया जाएगा। 31 मार्च तक एक लाख युवाओं को बिना गारंटी के पांच लाख का ऋण मुहैया कराने का लक्ष्य पूरा होगा।

यूपी को देश के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करेंगे। कल तक जो रोजगार मांगते थे वह अब उद्यमी बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवा को राज्य के बाहर नौकरी और रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उसे जनपद में ही कारोबार मिलेगा। वह स्वयं काम करके आर्थिक स्वावलंबन की तरफ अग्रसर होंगे। यहां मुझे बहुत अच्छा लगा। विभाग पहले कह रहा था यह कैसे होगा। हमने कहा, होगा। चिंता नहीं करनी है। हमने नेक नीयत से योजना बनाई। सीएम ने कहा कि योजना बनाते समय इसको ध्यान में रखिए कि हमारा लक्ष्य प्रदेश के युवाओं का स्वावलंबन हो।

गोंडा मेडिकल कॉलेज सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत लाभार्थियों को ऋण का स्वीकृति पत्र देते सीएम योगी।- संवाद

बहराइच वादों के निस्तारण में फिसड्डी, सीएम नाराज

बहराइच। तहसील के लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने गोंडा में मंडलीय समीक्षा बैठक की। इसमें जिले के सभी अधिकारी व जनप्रतिनिधि ऑनलाइन जुड़े। समीक्षा के दौरान राजस्व वादों के निस्तारण में बहराइच फिसड्डी पाया गया। इसपर नाराजगी जताते हुए। डीएम को लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है। समीक्षा बहराइच जिले से ही शुरू हुई। सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा हुई। जिसमें कुछ मुद्दों पर तो स्थिति संतोषजनक थी, लेकिन कुछ मामलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने और प्रोग्रेस किए जाने की बात कही। इसके पश्चात राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान पाया गया कि राजस्व वाद काफी समय से लंबित है।